Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 21-12-2021 | अंक 91

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सीओ ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया अलाव का व्यवस्था

**अपेम लाइवब : बरही**

लगातार बढ़ रहे ठंढ को देखते हुए। बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों के अलाव का व्यवस्था किया। वहीं अस्पताल के कर्मियों ने बरही सीओ का आभार प्रकट किया है।



अलाव का आनन्द लेते अस्पताल कर्मी

### जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजनों को सौप गया दो लाख का चेक

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अन्तर्ग पडरिया निवासी मोती लाल प्रसाद पिता टुकलाल माहतो का देहांत हो गया था। जिन्हें बैंक अ०फ इंडिया करियातपुर के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख का चेक मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा के द्वारा दिया गया। मौके पर शाखा प्रबंधक अजय कुमार राणा, रोहित कुमार, चंदन कुमार, अनिल कुमार एवं अशोक कुमार मौजूद थे।



# इनरव्हील क्लब एवम अपेम के संयुक्त तत्वाधान में 10 कोरोना योद्धाओं का किया गया सम्मान व 30 बंध्याकरण लाभुकों के बीच कम्बल वितरण

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन जरूरी, बेहतर व सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है ऑपरेशन : माला दारूका

## जनसरोकार से जुड़े मामलों में इनरव्हील के साथ काम करेगा अपेम : कृष्णा प्रजापति

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**

झुमरीतिलैया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा के प्रांगण में इन. रव्हील क्लब व अपेम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह सह बंध्याकरण लाभुकों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति व इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष माला दारूका उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोडरमा उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम कोलेट मींज व नीतू कुमारी, बीटीटी नेहा कुमारी व पिंकी कुमारी, सीएचओ सुमन कुमार, सुनील पंडित प्रकाश चंद्र, सहिया सरस्वती देवी, ड्रेसर दिनेश कुमार को कोरोना काल में बेहतर सेवा देने को लेकर डॉ अनिल कुमार व माला दारूका एवं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सचिव दयानंद चौरसिया ने शॉल देकर सम्मानित किया। जबकि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण कराने वाले 30 लाभुकों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान डॉ अनिल कुमार ने कहा कि अपेम व इनरव्हील क्लब कई सामा. जिक कार्यक्रमों को कर के समाज में एक बेहतर




कोरोना योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम में मौजूद इनरव्हील क्लब एवं अपेम के पदाधिकारीगण




कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करते अपेम चीफ एडवाइजर एवं इनरवहील क्लब माला दारूका

पहचान बनाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों तथा आम जनता की सेवा की गई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी का मेहनत का ही देन है कि कोडरमा में कोरोना को नियंत्रण में रखा गया। वहीं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति ने कहा कि अपेम एक पत्राकर सह सामाजिक संगठन है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई कार्यक्रमों को अंजाम दे रही है। हम अपने अपेम के माध्यम से कला, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में लाभुकों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इनरव्हील के अध्यक्ष माला दारुका ने कहा कि इनरव्हील क्लब कोडरमा जिले में सामाजिक सुधार के साथ-साथ कई उत्कृष्ट कार्य कर रही है । उन्होंने अपीएमके चीफ एडवाइजर तथा प्रभारी चि. कत्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयास से यह कार्यक्रम सफल हो पाया है। पूर्व अध्यक्षा रंजिता सेठ ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित बंध्याकरण कराया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन इसके लिए बधाई का पात्र है। मौके पर अपेम लाइव के कोडरमा प्रभारी धीरज कुमार, इंद्रदेव पांडेय, इनरव्हील क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सरिता विजय, कविता दारूका, रंजीता सेठ, दीपाली भदानी, रेखा जयसवाल, कंचन भदानी, बीपीएम मुनाजिर हसन सहित कई लोग मौजूद थे।

# रेन्बो स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**अपेम लाइव बरही**

शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद 2021 का समापन मंगलवार पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि बरही अनुमंडलीय अस्पताल डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, अपेम अध्यक्ष कृ ष्णा प्रजापति, इंटर क०लेज के प्रिंसिपल अरुण कुमार दुबे, सेवानिवृत्त शिक्षक भोला प्रसाद, नारायण पंडित, विनय सिन्हा मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी अतिथियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से बुके देकर सम्मानित किया गया। तीन दिनों तक चले खेल कूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से स्मृति पत्र, मोमेंट और मेडेल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। रविवार से तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियो. गिता का प्रारम्भ हुआ था। जिसमें ट्रेक इभेंट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, स्लो साईकल रेस, टग आंफ वार, शतरंज, कैरम बोर्ड आदि प्रतियोगिताएं रखा गया था। इसमें सभी कक्षा छह से नवम के छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। इस अवसर पर डॉ प्रकाश ज्ञानी ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज का समय खेलों के लिए बहुत अच्छा है। इससे न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि, खेलों में अच्छा स्थान प्राप्त करने पर भविष्य भी उज्जवल होता है। उन्होंने आह्वान किया कि भविष्य में किसी एक खेल में अपनी रुचि अवश्य बनाएं, प्रतिदिन मैदान में कुछ समय जरूर लगाएं। अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि खेलकूद भी पढ़ाई का एक पाट है। इसमें बच्चों के बीच छिपे कला रूचि खुलकर सामने आता है। खेलकुद जीवन में बहुत जरूरी है। इससे शरीर मजबूत



पुरुस्कृत बच्चे व शिक्षकगण

और मानसिक रुप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने रेन्बो स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी और कहा कि कम फीस में उच्चतर शिक्षा देने में रेन्बो स्कूल सराहनीय कार्य कर रही है। बरही इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण दुबे ने कहा कि प्राकृतिक वादियों में बसा यह स्कूल आज अपने क्षेत्र में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ खेल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलकूद पर विशेष धयान दिया जाता है। खेलकूद से बच्चों का बैद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। अंत मे निदेशक ने सभी अतिथियों, छात्र, छत्राओ, शिक्षको व अभिभावकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सफल विजेताओं मे खो- खो में अंबेडकर एवं भगत सिंह, टग ऑफ वार में अंबेडकर तथा भगत सिंह हाउस, लड़कियों में चंद्रशेखर एवं दयानंद हाउस, जैबलिन में प्रथम स्थान पर किशन कुमार, रोहित कुमार, बबलू कुमार, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, धीरज कुमार रहे। जैबलिन थ्रो लड़कियों में प्रथम स्थान पर मनीषा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, राखी कुमारी, सुलेखा कुमारी, रानी कुमारी, रुखसाना प्रवीण,डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान पर खुशबू कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रमिला कुमारी, सुलेखा कुमारी, रौशनी कुमारी, खुशबू कुमारी शॉर्टपुट में प्रथम स्थान सिमरन कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, राखी कुमारी, सुलेखा कुमारी, निशि कुमारी, रौशनी कुमारी, स्पून और लेमन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इनाया फिरदौश, सुनैना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनम कुमारी, निशि कुमारी, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम जिज्ञासा कुमारी, मनीषा कुमारी, पूनम कुमारी, मधु कुमारी, स्लो साईकल रेस में रंजीत कुमार, नितेश कुमार, विककी कुमार राणा, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, सोनम कुमारी आदि को शोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स शिक्षक को विद्यालय द्वारा बेहतर संचालन के लिए संम्मानित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मुख्य रूप से स्पोर्ट्स शिक्षक पवन कुमार, शुभम कुमार, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, खुशबू सिंह, गौरीशंकर, स्वेता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सरिता कुंमारी, पूजा कुमारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरसोत में लगा शिविर,

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, जीप प्रति. निधि मो कयूम, एम ओ आजाद सिंह, डोमन पांडेय, मुखिया सीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी माहतो एवं मनोहर यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस शिविर में वन बिहारी राम, रघु मोदी, कांति देवी, अनवर अंसारी, संतोष रा. जवार, अजित सिंह एवं पंचायत के अन्य लोग मौजूद थे।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक में वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा

## 6 जनवरी 2022 को होगा वार्षिक कार्यक्रम सह वनभोज कार्यक्रम : ईशो सिंह

**अपेम लाइव : बरही**

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच अनुमंडल इकाई की बैठक प्रखंड परिसर स्थित पेंशनर कार्यालय बरही में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संच. ालन मंच के सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। इस बैठक में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज एवं बुद्धिजीवी मंच के माध्यम से पिछले एक वर्ष में किए गए सामाजिक कार्यों की समीक्षा किया गया एवं आने वाला नव वर्ष 2022 के लिए वर्षिक कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया । बैठक में सव. 'सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 6 जनवरी 2022 को वार्षिक कार्यक्रम के साथ-साथ वनभोज कार्यक्रम के अलावे सदस्यता ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम में 2022 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर विचार विमर्श करते हुए वार्षिक कैलेंडर को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2016 कि पहले सेवा. निवृत्त हुए पेंशनरों को पुनरीक्षित पेंशनमान नहीं मिल रहा है । जिसके कारण पेंशनरों को आ. र्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है झारखंड एवं बिहार सरकार की इस उदासीनता को देखते हुए उपस्थित पेंशनरों ने क्षोभ प्रकट किया । बैठक में ईशो सिंह, महेंद्र दुबे, रामचंद्र पांडेय, कामता सिंह, अनमोल राणा, महावीर ठाकुर, नकुलदेव राणा, बसंत नारायण सिंह, जानकी ठाकुर , लोकनाथ प्रसाद आदि पेंशनर मौजूद थे।



बैठक में शामिल पेंशनर

## आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---22.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---तृतीया तिथि दिन 02:26 तक उपरांत चतुर्थी तिथि
दिन :---बुधवार
नक्षत्र :---पुष्य नक्षत्र
योग :---इन्द्र
करण :---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से विद्यार्थियों को लाभ होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# सूचना

**अपेम लाइव : बरही**



आप सभी अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि बुधवार सुबह 10 बजे मॉडल विद्यालय बरही एवं प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में अध्यन्नरत विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्कूल प्रबंधक के साथ एक मीटिंग रखी गई है। जिसमे आप सभी अभिभावक सादर आमंत्रित है। इस बात की सूचना बरही प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी शिव कुमार ने दी है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## पिस्टल की नोक पर सीएसपी संचालक के साथ मारपीट कर एक लाख की लूट

**अपेम लाइव : बरही**

कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत बलिया निवासी श्याम कुमार यादव उम्र 28 वर्ष पिता बासुदेव यादव पदमा में रहकर सीएसपी सेंटर में चलता था। सोमवार शाम लगभग 6 बजे वह एक लाख रुपया लेकर अपने बाइक से हज़ारीबाग़ की और जा रहा था। इसी क्रम में नावाडीह कुट्टीपीसी पुल के समीप पिस्टल लिए अज्ञात लुटेरों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। और उसके साथ मारपीट किया। और



लूट का शिकार श्याम कुमार

उसके पास से नगद लूटकर र फरार हो गए। चोट अधिक होने के कारण उसे बरही बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उनका प्रा. थमिक उपचार किया गया। उधर पीड़ित ने पदमा थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। इधर पदमा पुलिस मामले के छानबीन कर रही है। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में माया है। जांच की जा रही है। लुटेरे जल्द सी सलाखों के पीछे होंगे।

## हज़ारीबाग़ वॉलीबॉल विजेता टीम का स्वागत समारोह, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**



खिलाडियों को सम्मानित करते अतिथि

बरही/हज़ारीबाग़ वॉलीबॉल टीम के द्वारा झारखंड वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पिछले साल के चौंपियन टीम धनबाद को फाइनल में हरा कर इस वर्ष चौंपियन का खिताब जीता हजारीबाग की टीम ने अपने खेल से सबो को चौकाते हुए इस वर्ष का विजेता बनते हुए हज़ारीबाग़ जिले का मान बढ़ाया आज जब विजेता बन टीम अपने जिला मुख्यालय पहुँची तो इनके उत्साह बढ़ाने के लिए वॉलीबॉल एसोसिएसन के सदस्यों के द्वारा भव्य स्वागत समारोह अन्नदा चौक में ढोल नगाड़ा बजाते हुए किया गया अपने स्वागत होता देख खिलाड़ियों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला इसके बाद प्रभु निवास में एसोसिएसन के द्वारा सम्मान समाहरोह का भी आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों को शॉल व बुक्के देकर सम्मानित किया गया । इस स्वागत सह सम्मान समाहरोह में ब०लीबाल एशोसिएशन के अध्यक्ष भैया अभिनयु प्रसाद कार्यकारी अध्यक्ष सत्यदेव सिंह,कोषाध्यक्ष बुटन सिंह, नवीन सिन्हा, बद्रीनाथ गोस्वामी, संजीव चटर्जी, हरीश श्रीवास्तव, आंनद देव, ब्रजेश सिंह, अजहर खान,प्रियरंजन सिंह मीडिया प्रभारी राजकुमार गिरी,विवेक सिंह उपस्थित थे ।

## एमओ डॉ सचिन कुमार ने गौरियाकर्मा पीएचसी में दिया योगदान, समाजसेवी दुलार यादव ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**



डॉ सचिन कुमार को सम्मानित करते दुलार यादव एवं अन्य

पिछले चार साल से स्थायी चिकित्सक की कमी झेल रहा पीएचसी गौरियाकर्मा में एमओ ड० सचिन कुमार ने पुनः योगदान दे दिया है। ज्ञात हो कि चार साल पहले इसी गौरियकर्मा पीएचसी से ही ड० सचिन कुमार का स्थान्तरण रिम्स रांची कर दिया गया था। लेकिन जब तक वे इस अस्पताल में रहे। तब तक अस्पताल के विकास में उन्होंने काफी काम किया था। स्वस्घ्य सुविधाओं को जनता तक पहुंचाने में उनका काफी योगदान रहा था। नियमित ओपीडी चालू किया गया था। यही कारण है कि जब उनका स्थान्तरण हुआ, तब गौरिया कर्मा के समाजसेवी दुलार यादव ने पुनः पोस्टिंग के लिए सरकार से काफी पत्राचार किया। जिसका परिणाम स्वरूप डॉ सचिन कुमार की पुनः पोस्टिंग हुई। जब इस बात की जानकारी दुलार यादव को मिली, तब उन्होंने गौरियकर्मा पीएचसी में ही डॉ सचिन कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया। समाज सेवी दुलार यादव ने कहा कि डॉ सचिन कुमार की सेवाएं हमलोग पहले देख चुके हैं। चार साल से बिना डॉक्टर्स के अस्पताल चल रहा था। अब इनके आने से स्वास्थ्य सुविधाएं में सुधार की पूरी उम्मीद है। मौके पर रविक. ांत ओम के साथ अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

APEM
LIVE

## पुलिस प्रशासन ने 8 किमी ऊंचे पहाड़ पर बसा धोबघट पहुंच 200 लोगों के बीच किया कम्बल वितरण

**अपेम लाइव : बरही**



कम्बल वितरण करते एसडीपीओ एवं अन्य पदाधिकारीगण

बढ़ती ठंड को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पहाड़ पर बसा रानीचुवाँ पंचायत के धोबघट गांव में कैम्प लगाकर 200 लाभुकों के बीच कम्बल वितरण किया गया। वितरण का कार्यक्रम मवि धोबघट के पास किया गया। वितरण का कार्य एसडीप. ीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में किया गया। वितरण के अवसर पर एसडीओ पूनम कुजूर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो, मुखिया रीता मुर्मू भी लाभुकों के बीच कम्बल वितरण कर अपनी सहभागिता निभाई। वितरण के पूर्व वहाँ के ग्रामीणों ने ढोल मांदर के साथ स्वागत किया । मांदर के थाप पर ग्रामीणों के साथ अधिकारी भी थिरके। ज्ञात हो कि 8 किमी की ऊंचाई पर बसा धोबघट पर जल्दी प्रशासनिक पदाधिकारी नही पहुंचते हैं। लेकिन जब एसडीपीओ को पता चला तो उन्होंने अपने पुलिस प्रशासन के कोटे से मिला कम्बल को धोबघट, नृसिंहवा, परसातरी आदि के ग्रामीणों के बीच कम्बल वितरण करने का निर्णय लेते हुए उसे मूर्त रूप भी दिया। मौके पर कांग्रेसी नेता अब्दुल मनान वारसी, शिक्षक मनोज कुमार, गाजो टुड्डू, मनोज मंडल, रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुखिया प्रियंका देवी ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते मुखिया प्रियंका देवी

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुअकला पंचायत के मुखिया प्रियंका देवी ने तिलैया बस्ती में आर ई ओ रोड से लेकर गजाधर यादव के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यश किया गया जिसका लंबाई 280 मीटर है। जिसका निर्माण 395000 लागत से बनना है। यह केटीपीएस बांझेडीह के द्वारा अनुशंसा किया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव, राजू राम, नकुल चंद्रवंशी, मुकेश यादव, पिंटू कुमार, विशाल यादव, सहदेव यादव एवं गांव के अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## भण्डारो में गरीब व असहाय लोगो के बीच 150 कंबल वितरण किया गया।



कंबल वितरन करते मुखिया सकलदेव यादव

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के मुखिया सकलदेव यादव ने पंचायत के विभिन्न गाँवों में जाकर गरीब एवं असहाय के बीच कंबल वितरण किया। लाभुकों में जुमन खान, रफीक अंसारी, जिब्राइल अंसारी, दशरथ मोदी, रफीक अंसारी, मंजूर आलम, दिवाकर यादव,बा. सुदेव यादव, केदार यादव एवं पंचायत के अन्य लोग शामिल है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रयाग यादव, वार्ड सदस्य बद्री यादव मौजूद थे

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।


सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी


सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली




**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

**RAINBOW SCHOOL BARHI**
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से





सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शिक्षक सचित सिंह ने मृतक पिता के स्मृति में किया पौधारोपण, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


पौधारोपन करते पुर्व विधायक व अन्य

सोहरा निवासी सह मयूरहंड प्रखण्ड स्थित मझगाँवां उच्च विद्यालय में प्राचार्य सूचित कुमार सिंह के मृतक पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित बुन्देल समाज सैकड़ो लोग हुए सम्मिलित। मृतक रामानुग्रह सिंह के स्मृति में पूर्व विधायक के हाथों से एक फलीदार पौधा लगाया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियो व समाज के ला. ेगों ने मृतक के तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सुजीत सिंह ने कहा इस पौधे के साथ हमारे पिता की याद जुड़ी रहेगी। कहा इस पहल से पर्यावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि स्वर्गीय रामानुग्रह बाबु मिलनसार व्यक्ति थे समाज के लिए अपूर्णीय छति है। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पा. सवान, महामंत्री रामाशीष सिंह, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, श्यामसुंदर सिंह, सियाराम सिंह, राम सिंह, मंतोष सिंह, रकीक सिंह, सियाराम सिंह, जनमजेय सिंह, संत कुमार सिंह, सुरेंद्र पांडेय, सुरेंद्र, रामाशीष सिंह, किंकर सिंह, जयन्त सिंह, रामचन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, शिवकुमार यादव, युवा नेता राकेश पांडेय, राकेश रंजन, कैलाश पांडेय, मुकेश सिंह, मौजुद थे।

## नकुल कुमार तथा शंकर कुमार के द्वारा मिशन पोजीशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**

भारतीय नौसेना में कार्यरत नकुल कुमार तथा झारखंड पुलिस में कार्यरत शंकर कुमार के द्वारा विगत 28 नवंबर 2021 को महाराज रेडियंट पब्लिक स्कूल मंसाडीह तथा मध्य विद्यालय मुरना में तीन ग्रुप में कक्षा 6 से 12 के लिए मिशन पोजीशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका पुरस्कार वितरण रविवार को पाथ फाइंडर स्टडी सेंटर के परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में बिरनी तथा धनवार प्रखंड के विभिन्न 25 विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के बच्चे शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम पुरस्कार टिंकू यादव गुडविल स्कूल केंदुआ को रेंजर साइकिल द्वितीय पुरस्कार अमन यादव एन. आर. इंटरनेशनल स्कूल धनवार को सोलर तथा तृतीय पुरस्कार आशीष यादव डॉ अंबेडकर पब्लिक स्कूल हेठली प्रधानडीह को पंखा दिया गया। तथा प्रत्येक ग्रुप से चार-चार सां. त्वना पुरस्कार दिया गया जिसमें ग्रुप ए में गौतम कुमार शर्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरामडीह अंकित कुमार तथा सचिन कुमार साव महाराज रेडियंट पब्लिक स्कूल मंसाडीह ग्रुप बी में राहुल, सोनी तथा अभिषेक कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जाटाडीह, मुन्ना कुमार इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया, प्रदीप कुमार राय सरस्वती शिशु निकेतन गोविंदपुर मंसाडीह, ग्रुप शसीश में सुनील कुमार प्लस टू उच्च विद्यालय जनता जरीडीह, कल्याणी कुमारी, काजल कुमारी, अंजली कुमारी मां छिन्नमस्तिके इंटर कॉलेज मंसाडीह। मंच संचालन संदीप अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम में रामदेव यादव, प्रकाश पांडेय, सुरेश यादव, निर्भय सिंह आदि शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आपके अधिकार,आपकी सरकार आपके द्वार में दो बुजुर्गों को मिला कम्बल

### मुखिया ने अतिथियों को गीता पुस्तक देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**


बुजुर्ग को कंबल वितरीत करते अतिथि

कान्हाचट्टी : झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को प्रखंड के मदगड़ा भवन के समीप किया गया।कार्यक्रम में कुल 15 विभाग के स्टॉल लगाया गया था, जॉब कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, राशनकार्ड, कृषि विभाग, बृद्धा पेंशन, भूमि सुधार, आंगनबाड़ी, पशुपालन विभाग , समेत कुल 15 विभाग के स्टॉल में जरूरत मंदो द्वारा आवेदन दिया गया। सभी विभागों में प्राप्त आवेदन में से अधिकतर का ऑन द स्पॉट निस्पादन किया गया।साथ ही बचे आवेदनों को जिला को अग्रसारीत किया गया।कार्यक्रम का प्रा. रंभ,प्रखंड विकाश पदाधिकारी हुलास महतो एवं बी पी ओ निरजंन सिंह, मुखिया योगेश यादव तथा समिति सदस्य रेशमी देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी विभाग का अलग-अलग संबंधित समस्या का संबंधित विभाग से निदान किया गया। बिभिन्न विभागों में , जन वितरण प्रणाली, मनरेगा, कृषि, पशुपालन एवम गव्य विभाग, रेसचे, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, में लोगो को सभी समस्याओं को जैसे पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा जॉब कार्ड, KCC लोन, कम्बल वितरण, नए राशन कार्ड, जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, भू सुधार, दाखिल खारिज, कोरोना वैक्सीनेशन, बैंकिंग लेनदेन, कृषि ऋण माफी, श्रमिक कार्ड, नया जॉब कार्ड , आधार कार्ड में सुधार एवम नया आधार कार्ड बनवाना, पेयजल से संबंधित चापाकल मरम्मती, नए मतदाता का सूची से जोड़ना, कल्याण विभाग, इत्यादि समस्यों को तुरंत समाधान किया गया। बीडीओ श्री महतो ने कहा कि आपके अधिकार के लिए सरकार आपके द्वार तक आई है।बैंक खाता स्कूली बच्चों के नही खुलने से सैकड़ो बच्चे निराश होकर कार्यक्रम से वापस लौट गए।बी डी ओ ने कहा कि बैंक की लापरवाहीं की शिकायत उपायुक्त से किया जाएगा। शिविर में लगभग डेढ़ सौ लोगो को वैक्सीन भी दिया गया।वहीं मुखिया योगेश यादव ने अतिथियों को गीता पुस्तक देकर सम्मानित किया।मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, हुलास महतो, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह भावी जिला परिषद उमीदवार रामेश्वर यादव, बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, मनरेगा कनीय अभियंता शिवकुमार दास, 15वी वित्त अभियंता प्रकाश कुमार, एवम नितेश कुमार, मदगड़ा के सैकड़ो ग्रामीण और सेकड़ो पंचायत वासी शामिल हुवे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


कार्यक्रम में शामिल लोग

कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आज सातवें दिन समापन हो गया। इस विशेष शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवकों ने कहा की हम लोग अंधकार से प्रकाश का मार्ग की ओर जा रहे हैं। इससे हमलोगो को शिक्षा एवं प्रतियोगिता में बहुत लाभ मिलेगा । विशेष शिविर के 7 दिनों में सामाजिक ,आर्थिक और राजनीतिक तथा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। आज अंतिम दिन प्रशिक्षक प्रो ललिता कुमारी ने स्वयंसेवकों को पहले आप आये का नारा आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम का संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो थे । कार्यक्रम का समापन - हम होंगे कामयाब एक दिन तथा कैंडल जलाकर के किया गया ! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कृति नाथ महतो के द्वारा की गई। एन. एस. एस . के इस विशेष शिविर में प्रोफ़ेसर ज्योति जलधर, मोहम्मद फजरुद्दीन, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर कुमारी, प्रो. ऋतुराज दास स्वयंसेवकों में संगीता कुमारी, नाज़नीन परवीन, सपना, रिंकी सुलेखा, पूजा ,रीता, श्रेया ,अंजू, सुषमा ,प्रियंका ,मोनिका, लक्ष्मी सीमा, सफीना, सोनू ,गौतम भास्कर ,दुर्गेश आदि दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## गिरिडीह उपायुक्त के निर्देश पर सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में अलाव की व्यवस्था

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**


उपायुक्त गिरिडिह

उपायुक्त द्वारा गिरिडीह जिले में लगातार बढ़ रहे ठंड एवं शीतलहरी को ध्यान में रखते हुए इससे बचाव हेतु अलाव आदि की व्यवस्था/सुविधा मुहैया कराने हेतु सभी अंचलों को कुल 6 लाख रुपए की राशि उपवांटित की गई है। गिरिडीह, 20 दिसंबर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी के दिशा निर्देश पर गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में बढ़ते ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए सभी चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है ताकि ठंड के कारण किसी प्रकार की जान माल की हानि ना हो। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के सभी चौक-चौराहों पर अलाव यानी आग की व्यवस्था ठंड से बचने के लिए की गई है। जिससे कि लोगों ठंड से राहत ले सकें। अलाव की व्यवस्था वैसे चिन्हित जगहों पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही है जहां पर गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के पास ठंड से बचने के व्यापक संसाधन नहीं है उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि ऐसे चिन्हित जगहों पर लगातार अलाव/आग की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। साथ ही साथ कम्बल वितरण भी सु. निश्चित कराएं। गौरतलब हो कि बढ़ते ठंड एवं शीतलहरी से बचाव हेतु गिरिडीह जिला को 06 लाख रुपए का आवंटन प्राप्त हुआ है। उक्त के आलोक में उपायुक्त द्वारा गिरिडीह जिले में लगातार बढ़ रहे ठंड एवं शीतलहरी को ध्यान में रखते हुए इससे बचाव हेतु अलाव आदि की व्यवस्था/सुविधा मुहैया कराने हेतु सभी अंचलों को कुल 6 लाख रुपए की राशि उपवांटित की गई है। जिसमें अंचल अधिकारी, गिरिडीह को 60 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, बेंगाबाद को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, गांडेय को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, पीरटांड़ को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, डुमरी को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, जमुआ को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, धनवार को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, बगोदर को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, सरिया को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, बिरनी को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, देवरी को 45 हजार रुपए, अंचल अधिकारी, तिसरी को 45 हजार रुपए तथा अंचल अधिकारी, गांवा को 45 हजार रुपए की राशि उपवांटित की गई है। आवंटित राशि की निकासी संबंधित प्राधिकृत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होगें। जिनके द्वारा कोषागार से राशि की निकासी नियमानुसार की जाएगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भुगतान के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंगे कि प्रसंगाधीन भुगतान यथा निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। आवंटित राशि की निकासी एवं व्यय निर्धारित मद एवं मापदण्डों के अनुसार उन्हीं मदों में किया जायेगा , जिसके लिए राशि स्वीकृति की जा रही है। आवंटित राशि के व्यय हेतु झारखण्ड कोषागार संहित 2016 के नियम 174 का अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाएगा। राशि कोषागार से निकालकार किसी भी परिस्थिति में बैंक खाते में नहीं रखा जाय। किसी भी परिस्थिति में इस राशि का विचलन नहीं किया जायेगा। राशि की निकासी के तुरंत बाद विहित प्रपत्र में विवरणी विभाग को समर्पित की जायेगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार निकासी एवं व्यय पर नियंत्रण रखेंगे। व्यय के पश्चात् विभाग को विहित प्रपत्र ळथ्त्19-। में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित किया जायेगा।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# संजय मेहता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, होमगार्ड अभ्यर्थियों का मामला पहुँचा सीएमओ

**अपेम लाइव : बरही**



संजय मेहता

होमगार्ड अभ्यर्थियों का मामला मुख्यमंत्री कार्यालय पहुँच गया है। विस्तृत पत्र लिखकर संजय मेहता ने सीएम से मामले में दख़ल देने का आग्रह किया है। पत्र की प्रतिलिपि आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हज़ारीबाग़ एवं मुख्य सचिव, झारखंड सरकार को भी दिया गया है। उन्होंने हज़ारीबाग़ ज़िला अंतर्गत गृह रक्षकों की चयन प्रक्रिया, विज्ञापन संख्या 01/2019 में वैधानिक तौर पर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने की माँग की है। साथ ही श्री मेहता ने 12 बिंदुओं का उल्लेख करते हुए सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया है। **निम्न बिंदुओं का पत्र में है उल्लेख**

1. हज़ारीबाग़ ज़िला अंतर्गत होमगार्ड अभ्यर्थियों के चयन के लिए विज्ञापन संख्या 01/2019 के तहत नियुक्ति विज्ञापन निकाला गया था। जिसमें अभ्यर्थियों ने चयन के लिए भाग लिया।

2. चयन की अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों ने चयन की सभी वैधानिक प्रक्रियाओं को पूर्ण किया। इसके बाद विज्ञापन संख्या 01/2019 का औप. बंधिक परीक्षाफल ज़िला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, हज़ारीबाग़ के द्वारा जारी किया गया। जिसमें 1298 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया।

3. यह परिणाम उपायुक्त सह अध्यक्ष गृह रक्षक नव नामांकन समिति हज़ारीबाग़, पुलिस अधीक्षक सह वरीय सदस्य गृह रक्षक नव नामांकन समिति हज़ारीबाग़, ज़िला समादेष्टा सह सदस्य गृह रक्षक नव नामांकन समिति हज़ारीबाग़ के हस्ताक्षर सहित दिनांक 29.07.2021 को जारी किया गया।

4. परिणाम प्रकाशित होने के बाद सफल अभ्यर्थियों ने अपनी नियुक्ति की माँग की। 29.07.2021 परिणाम प्रकाशन की तिथि से इस पत्र को लिखने की तारीख़ 21.12. 2021 तक वैधानिक तौर पर सफल अभ्यर्थियों को योगदान हेतु नियुक्ति पत्र नहीं सौंपा गया है।

5. नियुक्ति पत्र नहीं मिलने के कारण सफल अभ्यर्थियों ने प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लोकतांत्रिक तरीक़े से अपनी माँगो को लेकर दिनांक 01.12.2021 को हज़ारीबाग़ के पुराने समाहरणालय के समीप धरना दिया। फिर भी माँग पूरी नहीं हुई।

6. इसके बाद पुनः सभी सफल अभ्यर्थी प्रशासनिक अनुमति प्राप्त कर लोकतांत्रिक तरीक़े से हज़ारीबाग़ के नए समाहरणालय के समीप अनिश्चितक़ालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए।

07. भूख हड़ताल के दौरान सफल अभ्यर्थियों से कोई वार्ता नहीं की गयी। बिना वार्ता किए उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा ज्ञापांक संख्या 1480/सी दिनांक 13.12. 2021 के द्वारा संपूर्ण चयन प्रक्रिया को ही निरस्त कर दिया गया एवं अनियमितता का हवाला देते हुए दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय लिया गया।

08. इससे पूर्व दिनांक 01.10. 2021 को उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा ज्ञापांक संख्या 1107/सी के माध्यम से औपबंधिक मेघा सूची को भी निरस्त कर दिया गया था।

09. औपबंधिक मेघा सूची और सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया को निरस्त करने के पीछे अनियमितता की बात कही गयी है। इसकी जाँच के लिए उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा दिनांक 06.08.2021 को ज्ञापांक संख्या 792/सी द्वारा जाँच दल का गठन किया गया।

10. जाँच दल द्वारा प्रारम्भिक जाँच प्रतिवेदन 1063/सी दिनांक 18.09. 2021 के माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

11. उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग के ज्ञापांक संख्या 1480/सी दिनांक 13.12.2021 के आलोक में उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग (सामान्य शाखा) के प्रभारी पदाधिकारी ने लोहसिंघना थाना,हज़ारीबाग़ में पत्रांक संख्या 1452/सा दिनांक 13. 12.2021 को प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया।

12. उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा दिनांक 24.11.2021 को कार्यालय आदेश संख्या 1354/सी द्वारा शारीरिक जाँच प्रक्रिया को प्रथम दृष्टया जाँच करने का आदेश दिया गया। उक्त आदेश के आलोक में दिनांक 13.12.2021 को जाँच दल द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

13. इस मामले में सबसे आश्चर्यजनक बात ये है की उपायुक्त हज़ारीबाग़ गृह रक्षक नव नामांकन समिति हज़ारीबाग़ के अध्यक्ष हैं। पूरी चयन प्रक्रिया उनकी अध्यक्षता में हुई। औपबंधिक मेघा सूची को भी दिनांक 01.10.2021 को उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा ज्ञापांक संख्या 1107/सी के माध्यम से निरस्त किया गया। इसके बाद 13. 12.2021 को जाँच दल द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और 13. 12.2021 को ही उसी दिन उपायुक्त का कार्यालय हज़ारीबाग़ द्वारा ज्ञापांक संख्या 1480/सी दिनांक 13.12. 2021 के द्वारा संपूर्ण चयन प्रक्रिया को ही निरस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं उसी दिन अर्थात 13.12. 2021 को ही पत्रांक संख्या 1452/सा दिनांक 13.12.2021 को प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन लो. हसिंघना थाना,हज़ारीबाग़ को दिया जाता है। यह सब कुछ घंटो के भीतर कर दिया जाता है। इससे साफ़ तौर यह परिलक्षित होता है की उपायुक्त हज़ारीबाग़ किसी दबाव में हैं। जबकि गृह रक्षक नव नामांकन समिति हज़ारीबाग़ के अध्यक्ष होने नाते उपायुक्त हज़ारीबाग़ इस मामले में मुख्य तौर पर उत्तरदायी हैं।

हमारी माँग है की हड़बड़ी में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है। ऐसे में जो अभ्यर्थी वैधानिक तौर पर सफल हुए हैं उनका भी हक़ मारा जा रहा है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर सम्पूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करना वैधानिक तौर पर शून्य है। हमारा अनुरोध है की यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसका अनुसंधान हो लेकिन जो वैधानिक तौर पर सफल अभ्यर्थी हैं उन्हें योगदान देने हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा जाए। **क्या कहते हैं संजय मेहता**

संजय मेहता ने कहा कि सफल अभ्यर्थियों की माँग जायज़ है। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसका अनुसंधान हो लेकिन सभी अभ्यर्थियों का परिणाम निरस्त कर पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त कर देना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है। उपायुक्त का यह आदेश विधि के समक्ष शून्य है।

# अंबा प्रसाद ने ढेंगा एवं चिरूडीह गोलीकांड का एसआईटी से जांच हेतु विधानसभा के सदन में उठाया मामला

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बडकागॉव विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्यकाल के माध्यम से ढेंगा एवं चिरूडीह गोलीकांड का एसआईटी से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव में ढेंगा गोलीकांड मामले 8 केस एवं चिरूडीह गोलीकांड में 6 केस हुआ था, परंतु कंपनी एवं तत्कालीन सरकार की मिलीभगत से सभी केस में कंपनी को क्लीन चिट दे दिया गया और स्थानीय लोगों को झूठे केस में फसाया गया। जिसके कारण स्थानीय रैयतों और ग्रामीणों में हताशा और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि रैयतों एवं ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए संपूर्ण मामले की जांच एसआईटी द्वारा कराया जाए। वहीं शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों को प्रदूषण भत्ता दिलवाने के लिए आवाज उठाई। उन्होंने माननीय मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में बड़ी बड़ी औद्योगिक इकाइयों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्खनन, ट्रांसपोर्टिंग एवं अन्य कार्य किया जा रहा है। इन कंपनियों द्वारा खनन और ट्रांसपोर्टिंग नियमों की घोर अवहेलना करने के कारण पूरे क्षेत्र में जल, वायु तथा मृदा प्रदूषित होने से स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य, जीविका और आम जन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार लोगों को प्रदूषण के दंश से बचाने हेतु उक्त कंपनियों पर दंडात्मक कार. वाई प्रदूषण से प्रभावित ग्रामीणों को प्रदूषण भत्ता, व्यापक वृक्षारोपण सहित अन्य ठोस कदम उठाने की मांग की है जिस पर विभागीय मंत्री ने सीनियर लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से सं. बंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्रतिवेदन की मांग की है।

# जेएसएलपीएस का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष जरूरी : अशोक महतो

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव : ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सहयोगी झारखंड स्टेट ला. इवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अधीन आजीविका महिला संकुल संगठन ने नयाटाँड़ पंचायत भवन के समीप वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन जीआरसी मैनेजर संजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया ।संचालन उषा देवी ने किय ।उरीमारी कलस्टर के सभी सात पंचायत के 27 गाँव के 475 समूहों के आजीविका महिला मंडल के सदस्यों ने भाग लिया ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नयाटाँड़ के मुखिया अशोक महतो ने फीता काटकर किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया अशोक महतो एवं पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष जरूरी है। क्षेत्र की महिलाएं लगातार संघर्ष कर रही है इसका परिणाम है की क्षेत्र की महिलाओं में विकास के प्रति जागरूकता बढ़ रही है ।महिलाएं अपने पैरों पर खड़े हो रही है ।कलस्टर अंतर्गत अच्छे कार्य करने वाले समूह के सदस्य नयाटाँड़ गायत्री कुमारी, गीता देवी, एवं सुनीता देवी, सुनीता देवी एवं देवी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मा. नित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नापो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका सााव, जेएसपएल के बीपीएम रामप्रकाश, बीएपी शकुंतला देवी, एफटीएस राजकुमार मेहता, सीसी कौशर नियाजी एवं नंदलाल कुमार, पीआरपी समनिका देवी, अध्यक्ष आरती देवी, सचिव आशालता, कोषाध्यक्ष संध्या कुमारी, सीएलएफ लेखपाल संध्या कुमारी, यशोदा देवी, बेबी देवी, तिलेश्वरी देवी, सरिता मरांडी, कल्याणी देवी, अशमीना प्रवीण,मंजू देवी तालोमुनि, आशा देवी, प्रतिमा देवी, रेखा देवी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

APPEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## राजकीय प्राथमिक विधालय हेठली बोदरा में प्रबंधन समिति का गठन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


प्रबंधन समिति के नवमनोनीत सदस्य एवं ग्रामीण

बिष्णुगढ़ प्रखंड के हेठली बोदरा स्थित राजकीय प्राथमिक विधालय में प्रबंधन समिति का पुर्नगठन सोमवार को किया गया। इसमें प्रयवेक्षक के रूप में उत्कमित हाई स्कूल चौथा के सहायक शिक्षक दीपक मुंडा उपस्थित थे। प्रबंधन समिति का गठन चुनाव प्रक्रिया के तहत पूरी की गई। इसके लिए आयोजित सभा की अध्यक्षता धर्मेन्द्र पाठक ने की। उनकी देखरेख में शांतिपूर्ण एवं नियम संगत तरीके से चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई गई। सर्वसम्मति से विधालय प्रबंधन समिति के लिए निलेश पाठक को अध्यक्ष, सकुन देवी को उपाध्यक्ष एवं सुजाता देवी को संयोजिका के रूप में चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए निलेश पाठक के अलावा कौलेश्वर पासवान का नाम आया था। मगर कौलेश्वर पासवान का बच्चा इस स्कूल से दो साल में निकल जाता जबकि प्रबंधन समिति का गठन तीन सालों के लिए होता है। बीच में पुनः चुनाव की प्रक्रिया न हो, इसे देखते हुए कौलेश्वर पासवान ने अपना समर्थन भी निलेश पाठक को दे दिया। इस तरह निलेश पाठक सर्वसम्मति से अध्यक्ष के लिए चुने गए। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संयोजिका सहित 12 सदस्यों का भी चयन किया गया। जिसमें 6 महिला एवं 6 पुरूष सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा विधालय प्रबंधन समिति के चार पदेन सदस्य होते हैं। जिसमें स्कूल के हेडमास्टर, वार्ड सदस्य, बाल संसद के प्रधानमंत्री सहित चार सदस्य शामिल होते हैं। मौके पर सभा के सभापति धर्मेन्द्र पाठक ने विधालय प्रबंधन समिति के पदाधिक.ारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए विधालय प्रबंधन समिति का संचालन बेहतर तरीके से करने एवं सरकारी गाइडलाइन के तहत कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। मौके पर स्कूल के हेडमास्टर रामदेव राय, सहायता शिक्षिका रिंकू देवी, पारा शिक्षिका मधुमिता पाठक के अलावा बद्री यादव, जगदीश यादव, वार्ड सदस्य जागेश्वर यादव, बैजू सिंह, मंगर पंडित, छोटन यादव, जानकी देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित थीं।

## एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न कांडो में शामिल ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार कर सिमरिया एसडीपीओ ने भेजा जेल

### अफीम तस्करों में मची हड़कम्प

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देशानुसार सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिक.ारी अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में चलाए गए एक विशेष अभियान में लावालौंग थाना क्षेत्र से बीती रात मंगलवार को एनडीपीएस एक्ट के ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी आरोपी एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न कांडों में शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में भुसाढ़ गांव के देवचंद प्रजापति, विनेश प्रजापति, सुदामा प्रजापति और बाबूलाल प्रजापति। हाहे गांव के महावीर गंझू, बाढ़ो गंझू, दिलीप गंझू और दसई गंझू। कोलकोलै टोला राजपुर के जुगेश गंझू, कैलु गंझू, और राजू गंझू का नाम शामिल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिक.ारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार उक्त गांवों में सघन छापेमारी अभियान चला गया जिसमें उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आम लोगों को अफीम की खेती से बाज आने को कहा है अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिक.ारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, एसआई भोलानाथ राम,सफीक अंसारी,आ. ईआरबी और सैट के जवान शामिल थे।

## कंपनी ने नहीं दी मजदूरी तो श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे मजदूर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर तेलंगाना के हैदराबाद में काम करने के बाद तनख्वाह नहीं मिलने पर नगरकरणुल श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे। मजदूरों ने आवेदन देकर पांच महीने से सैलरी नही मिलने की शिकायत की है। मजदूरों ने बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ों प्रवासी मजदूर तेलंगाना के हैदराबाद नगरकरणुल रोजगार के लिए सोड़ा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड परलिस पैकेज 7 श्रीपुरम नगरकरनूल गए थे। कंपनी सैकड़ों मजदूरों को अगस्त से बिना सैलरी दिए कार्य करा रही थी। मजदूर जब भी मैनेजर व कम्पनी के अधिकारियों से सैलरी की मांग करते थे तो कम्पनी के अधिकारी अगले महीने की सैलरी मिलेगा बोल बात टाल दे रहे थे। ऐसा एक बार नही तीन बार हो जाने के बाद घर की परिस्थिति को देखते हुए मजदूर आक्रो.शित हो गए और कम्पनी के खिलाफ शिकायत करने कार्यस्थल के ही श्रमायुक्त कार्यालय सैकड़ों मजदूर जा पहुंचे। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा की प्रवासी मजदूरों के साथ शोषण और दुर्व्यवहार आम बात हो गई है। झारखंड सरकार जल्द तेलंगाना सरकार से बात कर मजदूरों की इस समस्या को दूर कर सैलरी दिलाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करे, ताकि मजदूरों के साथ अन्याय बंद हो।

## बेलकपी में जनता दरबार का आयोजन, एसडीओ हुई शामिल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



बरकट्ठा आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार के तहत बरकट्ठा प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत में सोमवार को आयोजित कैम्प में राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पीएम आवास ग्रामीण, केसीसी, कृषि, पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायत आवेदन प्राप्त कर निष्पादन किया गया. सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना का क्षेत्र के ग्रामीण भाइयों, माताओं एवं बहनों के मध्य अत्यधिक उत्साह देखने को मिला. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत प्रधान गुड्डी देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी कृति बाला लकड़ा व जिप सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम में बतौर नोडल पदाधिकारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरकट्ठा अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी उप. स्थित थे उपप्रधान मौके पर सुरेश कुमार पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, पंचायत सचिव कैलाश प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी चंद्रकांत पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र साव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मो.कुदुश अंसारी, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार गुप्ता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खान, पंचायत समिति प्रतिनिधि विकास पाण्डेय, पंचायत समिति प्रतिनिधि पंकज यादव, पूर्व उप मुखिया जागेश्वर नायक, वार्ड सदस्य नंदकिशोर ठाकुर, संगीता कुमारी, संजय भूंइयां, रामचंद्र यादव, पीडीएस डीलर नंदलाल तिवारी, प्रयाग नायक, गणेश नायक, परमानंद पांडेय, राजेन्द्र तिवारी, पुरूषोत्तम पाण्डेय, मुकेश कुमार तिवारी, अभय कुमार पाण्डेय, प्रदीप राम, चंदन तिवारी, राजकुमार यादव, अशोक राणा, सुरेंद्र गोस्वामी, वैजनाथ गोस्वामी, अनुज कुमार पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में पंचायत के गणमान्य ग्रामीणों उपस्थित थे

## जेएसएलपीएस से जुड़ी एसएचजी महिलाओं का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**अपेम लाइव : बरही**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

बरही प्रखंड के विजैया पंचायत अंतर्गत +2 उच्च विद्यालय ग्राउंड में जेएसएलपीएस की ओर से क्लस्टर स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विजैया, मलकोको, कोल्हुवाकला ,भंडारों एवं डपोक में संचालित महिला मंडल के महिलाएं मौजूद रही। इस कार्क्रम का उद्घाटन मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव,जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, मुखिया दसरथ यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ० निजाम ऊद्दीन अंसारी, जिला परिषद् सदस्य संतोष रविदास , मुखियाटेकलाल यादव, संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मो कयूम ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं न केवल बचत के प्रति जागरूक हो रही हैं। बल्कि स्वरोजगार के लिए भी अग्रसर हो रही है। मौके पर मौजूद महिलाएं भी अपने अपने महिला मंडल की वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मौके पर मणिलाल यादव देवलाल कुशवाहा, कांति देवी, रघु मोदी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## पुरहरा निवासी राजेन्द्र यादव का हुआ निधन, प्रधान सकलदेव यादव ने मृतक परिवार से मिलकर दिया हर संभव मदद का भरोसा

**अपेम लाइव : बरही**



भण्डारों पंचायत अंतर्गत पुरहरा निवासी राजेन्द्र यादव पिता जानकी यादव उम्र 40 वर्ष का मंगलवार की सुबह लगभग 08 बजे लकवा मार देने के बाद कोडरमा सदर अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो बेटी, एक बेटा और बुजर्ग माँ का छोड़ गए। इस घटना से पूरे पंचायत में मातम छा गया। घटना की खबर सुनते ही स्थानीय प्रधान सकलदेव यादव, कोडरमा जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, उप मुखिया रीना देवी, महेंद्र यादव, बिकास यादव, महेंद्र यादव, नारायण यादव, रामसेवक यादव, नंदलाल यादव, रामचंदर यादव, शिवशंकर यादव आदि मृतक परिवार से मिलकर ढ़ाढस बढ़ाया तथा हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI

EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## सात दिवसीय पतंजलि योग शिविर सम्पन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड धाम में आयोजित पतंजलि योगपीठ के द्वारा सात दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है तथा पतंजलि के द्वारा जो योग प्रशिक्षण यहां सप्ताहभर का शिविर चला वह काफी सराहनीय कार्य था।मौके पर चौपारण के प्रसिद्ध समाजसेवी मनोज सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की कहा कि यहां के स्थानीय लोगों को काफी फायदा हुआ । वही सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कि योग प्रशिक्षण का कार्य राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय के नेतृत्व में बहुत ही अच्छे ढंग से यहां संपन्न हुआ। यहां स्थानीय लोगों को काफी फायदा हुआ। प्रसाद वितरण के बाद योग प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया तत्पश्चात बरकट्ठा प्रखंड में बराबर लोगों को योग के प्रति दिलचस्पी लेने के लिए तथा ग्रामीणों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रखण्ड स्तरीय योग टीम का गठन किया गया। संरक्षक के रूप में केदार साव, प्रखंड प्रभारी महेंद्र प्रसाद, प्रखंड प्रभारी पतंजलि योग समिति रविंद्र पांडे, प्रखंड प्रभारी पतंजलि किसान योग समिति सदस्य उमेश प्रसाद, प्रखंड प्रभारी युवा भारत अभिषेक तिवारी, महिला प्रखंड प्रभारी युवा भारत शालू कुमारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, मीडिया प्रभारी श्याम किशोर पांडेय,(मंटू पांडेय) कार्यकारिणी सदस्य महेश यादव, दीपक कुमार साव, अर्जुन राणा, बबलू कुमार, अजय कुमार पांडेय, दिलीप कुमार पांडेय को मनोनीत किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौपारण निवासी समाजसेवी मनोज कुमार सिंह अमित कुमार राज्य कार्यकारिणी सदस्य, एवं कुशल योग शिक्षक धर्मदेव यादव चतरा से ,योग शिक्षक जमश.देपुर से अजय जी ,नार्गेद्र जी गुमला से ,संतोष जी ,बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी यादव, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, बेलकपी मुखिया अर्जुन राणा, महेंद्र प्रसाद ,रविंद्र पांडेय, दिलीप पांडेय ,श्याम किशोर पांडेय, सुनील श्रीवास्तव संतोष पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चलकुशा बीडीओ ने कराया अलाव की व्यवस्था

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशाः प्रखंड में शीत लहर को देखते हुए चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर के द्वारा चलकुशा चांदनी चौक पर अलाव का व्यवस्था करवाया गया । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहां की शीतलहर को देखते हुए । हर चौक चौराहे पर अलाव का व्यवस्था कराया जाएगा।जिससे शीतलहर से लोगों को राहत मिल सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि लखन साव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने किया विष्णुगढ़ का दौरा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**



विष्णुगढ़ में जनसमस्याओं को सुनते कांग्रेस कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य

कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड का दौरा किया। इसके पूर्व सातमील मोड़ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। दौरा के दौरान उन्होंने लोगों की जनसमस्याएं सुनी और उसके निराकरण का भरोसा दिया। कहा कि काफी लंबे समय के बाद झारखंड में यूपीए गठबंधन की सरकार बनी है। यह सरकार लोगों की आकांक्षा और उम्मीदों पर खरा उतर रही है। पूर्व की सरकारें सिर्फ झारखंड की संपदा के लूट-खसोट में लगे रहे। अब झारखंड विकास की पटरी पर लौट आया है। कहा कि जनता से किए गए सभी वादें पूरे किए जाएंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सुरेन्द्र मिश्रा, जगदीश बर्मन, गणपति स्वर्णकार, शिव प्रसाद लाहकार, मेराज सरवर, शमशेर आलम समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सौ प्रतिशत वेक्सिनेशन के लिए घर घर सर्वे होगा बीडीओ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र में सौ प्रतिशत कोविड वेक्सिनेशन को लेकर दोनों प्रखंडो के आलाधिकारी संग सामुदायिक अस्पताल के अधिकारियों के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में बीडीओ बरकट्ठा कीर्तिबाला लकड़ा, सीओ बरकट्ठा श्रीकांत लाल मांझी, बीडीओ चलकुशा समरेश प्रसाद भंडारी, सीओ शशिकांत सिंकर बीईओ अशोक कुमार पाल सीएचसी प्रभारी डॉ रजनीकांत पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धनन्जय कुमार शामिल थे बैठक में सुदूरवर्ती पंचायतों समेत सभी 26 पंचायतों में सौ प्रतिशत कोविड टीकाकरण सुनिश्चित हो इसके लिए आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, सहिया दीदी समेत सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से टीम द्वारा सर्वे कार्य होगा जिससे सौ प्रतिशत कोविड टीकाकरण सुनिश्चित होगा अब तक बरकट्ठा प्रखण्ड के 17 पंचायतों 1 लाख 42 हजार की आबादी में लगभग 60 हजार ग्रामीणों को पहला डोज व 38000 हजार ग्रामीणों को दूसरा डोज लगाया जा चुका है वही सभी 16 पंचायतों के लगभग 90 हजार ग्रामीणों तक कोविड टीकाकरण का लक्ष्य तय किया गया है इसी प्रकार चलकुशा प्रखण्ड में सभी 9 पंचायतों में अबतक कुल जनसंख्या लगभग 61000 में 25000 को पहला डोज वही 17000 ग्रामीणों को दूसरा डोज लग चुका है । समीक्षा बैठक में बीपीएम रणजीत कुमार, मो इमाम, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संयुक्ता कुमारी, माधवी कुमारी, जेएसपीएल बरकट्ठा बीटीएम संतोष सिन्हा चलकुशा बीटीएम केदार प्रजापति समेत अस्पताल व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

## टाटीझरिया के युवक का सडक दुर्घटना में मुंबई में मौत

**अपेम लाइव : टाटीझरिया**
**राजू यादव**



टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत के मायापुर निवासी किशोरी सिंह के 28 वर्षीय पुत्र गिरधारी सिंह का मौत सड़क दुर्घटना में मुंबई में हो गई है। जानकारी के अनुसार गिरधारी सिंह मुंबई में मोटर मैकेनिक का काम करता था। सोमवार को दिन में गैरज में काम करने के बाद वह रूम लौटा। इसके बाद अपने एक साथी के साथ वह स्कूटी से खाना लाने के लिए होटल जाता है। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं इसके साथी अस्पताल में जिंदगी और मौत के साथ संघर्ष कर रहा है। गिरधारी लगभग पांच महीने पहले मुंबई काम के लिए गया हुआ था। वह मुंबई के पनवेल के कलमबोली सिटी इलाका में रहता था जहां गैरज में काम करता था। इसकी मौत की सूचना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गिरधारी दो भाई और एक बहन है। बहन की शादी सेट हो गई है। वह घर आने के लिए दो बार रेलवे टिकट भी निकाल चुका था। लेकिन पिताजी के कहने पर कि अब बहन की शादी में आना इसलिए वह टिकट कैंसिल करा दिया था। गिरधारी के एक बेटा और एक बेटी है।

## पेट्रोल की टैक्स को कम करने की मांग को लेकर डीलरों ने किया एक दिवसीय हड़ताल

### पेट्रोल पम्प बंद रहने से आम जनता को काफी परेशानी का करना पड़ा सामना

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बंद पड़ी पेट्रोल पम्प

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत संचालित पेट्रोल पंप के डीलरों ने एक दिवसीय हड़ताल किया जिसके लेकर पेट्रोल पंप बंद रहा।पेट्रोल पम्प बंद रहने से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।मामले को लेकर पूछे जाने पर डीलरों ने कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है जिससे आम जनता के साथ साथ हम डीलरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिसके लेकर प्रखंड के सभी डीलरों ने राज्य व्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए अपने पेट्रोल पंप को एक दिन के लिए बंद रखा। उन्होंने बताएं कि हम डीलरों की एकमात्र मुख्य मांगे है कि टैक्स को कम किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि अन्य कई राज टैक्स को घटा दिया है परंतु झारखंड सरकार ने झारखंड में टैक्स को नहीं घटाया है जिससे हम डीलर को काफी परेशानी हो रही है। इधर दिनभर पेट्रोल पंप बंद रहने से आम जनता को काफी परेशानी हुई लोग डीजल पेट्रोल को लेकर पेट्रोल पंप का चक्कर काटते नजर आए

## पंचायत समिति मद में भेदभाव को लेकर खरना पंसस क्षुब्ध,

### सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जन सूचना पदाधिकारी से मांगी जानकारी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**



चुन्नूलाल सोरेन

प्रखंड के खरना पंचायत के कार्यकारी पंचायत समिति सदस्य चुन्नूलाल सोरेन ने मंगलवार को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन सूचना पदाधिकारी सह सचिव, पंचायत समिति से 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित राशि एवं उसके क्रियान्वयन के संदर्भ में नौ सूत्री सूचनाएं मांगी है। कहा है कि 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायत समिति विष्णुगढ़ को राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 में अलग अलग राशि आवंटित हुई है। इसके आलोक में पंचायत समिति, विष्णुगढ़ के सभी सदस्यों का नाम, पंचायत एवं क्षेत्र संख्या, वर्ष 2020-21 में पंचायत समिति को प्राप्त कुल आवंटन राशि के अलावा वर्ष 2020-21 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध किन-किन क्षेत्रों में कितनी योजनाएं क्रियान्वित की गई, राशि सहित इसकी अभिप्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, आवंटित राशि के व्यय के बाद शेष राशि कितनी उपलब्ध है। इसकी भी जानकारी मांगी है। इसी तरह 2021-22 में पंचायत समिति को प्राप्त राशि का आवंटन, उसके विरुद्ध कितने अभिलेख खोले गए। राशि किन-किन क्षेत्रों एवं कितनी योजनाएं क्रियान्वित की गई इसकी भी जानकारी मांगी है। कहा कि 15वें वित्त आयोग द्वारा पंचायत समिति को प्राप्त राशि में क्षेत्रवार भेदभाव किया गया है। इसकी जानकारी लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

